# अफ्रीका की रिफ्ट वैली और एक नए महासागर बेसिन का निर्माण

## प्रिलिम्स के लिये:

लाल सागर, रिफ्ट वैली, न्युबियन अफ्रीकी प्लेट, अरेबियन प्लेट, अदन की खाड़ी।

## मेन्स के लिये:

टेक्टोनिक प्लेट्स, अफ्रीकी प्लेट्स में दरार के लिये ज़िम्मेदार कारक।

## चर्चा में क्यों?

वर्ष 2020 में एक अध्ययन से पता चला है कि **अफ्रीकी महाद्वीप के धीरे-धीरे अलग होने से एक नए महासागर बेसिन का निर्माण** हो रहा है।

- यह पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट घाटी के कारण है, **जो 56 किलोमीटर तक फैली हुई है और वर्ष 2005 में इथियोपियाई रेगिस्तान में दिखाई दी थी**

## अफ्रीका की प्लेटों के खिसकने के लिये ज़िम्मेदार कारक:

- **कारक:**
  - तीन प्लेटें- **न्युबियन अफ्रीकी प्लेट, सोमालियाई अफ्रीकी प्लेट और अरेबियन प्लेट** अलग-अलग गति से विभाजित हो रही हैं।
  - **अरेबियन प्लेट प्रतिवर्ष लगभग एक इंच की दर से अफ्रीका से दूर जा रही है,** जबकि दो अफ्रीकी प्लेटें प्रतिवर्ष **आधा इंच से 0.2 इंच के मध्य या और भी धीमी गति से** अलग हो रही हैं।
    - **पिछले 30 मिलियन वर्षों में अरेबियन प्लेट धीरे-धीरे अफ्रीका से दूर हो रही है,** जिसके कारण पहले से ही लाल सागर **और अदन की खाड़ी का निर्माण** हुआ है।
- **संभावित परिणाम:**
  - चूँकि **सोमाली और नूबियन टेक्टोनिक प्लेटें एक-दूसरे से अलग हो रही हैं,** इसलिये इस दरार से एक छोटे महाद्वीप का निर्माण हो जाएगा, **जिसमें वर्तमान सोमालिया, केन्या, इथियोपिया एवं तंजानिया के कुछ हिस्से शामिल होंगे।**
  - **अदन की खाड़ी और लाल सागर अंततः इथियोपिया के अफार क्षेत्र और पूर्वी अफ्रीकी भ्रंश घाटी में बाढ़** लाकर एक नए महासागर का निर्माण करेंगे।
    - **इस नए महासागर के परिणामस्वरूप पूर्वी अफ्रीका अपनी अद्वितीय भौगोलिक और पारिस्थितिक विशेषताओं के साथ एक अलग छोटा महाद्वीप बन जाएगा।**
  - सोमाली और न्युबियन विवर्तनिक प्लेटों के अलग होने से नया महासागर बेसिन बनाने में **5 से 10 मिलियन वर्ष लगेंगे।**
- **वर्तमान स्थिति:**
  - हालाँकि कुछ समय से भ्रंशन की प्रक्रिया हो रही है, संभावित विखंडन वर्ष **2018 में दुनिया भर में तब चर्चा में आया जब केन्याई भ्रंश घाटी में बड़ी दरार देखी गई।**

## इस भ्रंशन के अवसर और चुनौतियाँ:

- **अवसर:**
  - नई तटरेखाओं के उभरने से देशों में आर्थिक विकास के असंख्य अवसर (जैसे- युगांडा और जाम्बिया जैसे लैंडलॉक देश) उपलब्ध होंगे, क्योंकि इसके कारण इन देशों की **व्यापार के लिये नए बंदरगाहों तक पहुँच होगी, साथ ही** मत्स्यन **क्षेत्र और इंटरनेट बुनियादी ढाँचा भी उपलब्ध हो पाएगा।**
- **चुनौतियाँ :**
  - **विस्थापन और पर्यावास का नुकसान: समुदायों का विस्थापन, बस्तियों और विभिन्न वनस्पतियों एवं जीवों के निवास स्थान** का नुकसान जैसी पर्यावरणीय क्षति का सामना करना पड़ेगा।

- लोगों की निकासी और जीवन की संभावित हानि इस प्राकृतिक घटना का एक अनपेक्षित परिणाम होगा।
- विस्थापन और पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2015 तक अफ्रीका में 15 मिलियन से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हुए थे।

  - **प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव:** तेज़ी से हो रहे [शहरीकरण]() और बस्तियों में वृद्धि **प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव डालती** हैं जिससे जल, ऊर्जा और भोजन की उपलब्धता की समस्या उत्पन्न होती है।
    - **अनियंत्रित अपशिष्ट निपटान** भी एक गंभीर चिंता का विषय है।
  - **नए फॉल्ट लाइन्स:** न्युबियन और सोमाली प्लेटों के अलग होने से **नए फॉल्ट लाइन्स, दरारें बन सकती हैं** अथवा पहले से मौजूद फॉल्ट लाइनें पुनर्सक्रिय हो सकती हैं, जिससे भूकंपीय गतिविधियाँ उत्पन्न हो सकती हैं।




[//]()

## भ्रंश:

- पृथ्वी के [लिथोस्फीयर]() को कई [टेक्टॉनिक प्लेटों]() में विभाजित किया गया है जो एक-दूसरे की तुलना में अलग-अलग गति से चलती हैं।
  - **विवर्तनिक बल** न केवल प्लेटों को गति प्रदान करता है बल्कि **इस बल के कारण उनमें दरार पड़ने की भी संभावना होती है, जिससे संभावित रूप से नई प्लेट सीमाओं का निर्माण होता है।**
- भ्रंश एक भूगर्भीय प्रक्रिया है जिसमें एक एकल टेक्टॉनिक प्लेट **दो या दो से अधिक प्लेटों में विभक्त हो जाती है** जो अपसारी प्लेट सीमाओं से अलग होती हैं।
  - इस प्रक्रिया के कारण समतल निचले भूमि क्षेत्र (Lowland Region) का उद्भव होता है जिसे **रिफ्ट घाटी** के रूप में जाना जाता है।
  - उदाहरण: **नर्मदा दरार घाटी** (भारत), **बैकाल दरार घाटी** (रूस)।

## ग्रेट रिफ्ट वैली:

- द ग्रेट रिफ्ट वैली एक विशाल भूवैज्ञानिक संरचना है जो **उत्तरी सीरिया से लेकर पूर्वी अफ्रीका के मध्य मोज़ाम्बिक तक लगभग 6,400 किलोमीटर तक विस्तृत है।**
- **जॉर्डन नदी** इस घाटी से निकलती है और अंततः इज़रायल तथा जॉर्डन के बीच की सीमा पर मृत सागर में मिल जाती है।
- अदन **की खाड़ी दरार की पूर्व की ओर निरंतरता में है** और इस बिंदु से दरार दक्षिण-पूर्व की ओर **हिंद महासागर के मध्य-महासागरीय रिज के हिस्से के रूप में फैली हुई है।**
- पूर्वी अफ्रीका में **घाटी पूर्वी दरार और पश्चिमी दरार में विभाजित होती है।** पश्चिमी दरार, जिसे **अल्बर्टीन दरार** के रूप में भी जाना जाता है, में

दुनिया की कुछ सबसे **गहरी झीलें** हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, पिछले वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. नर्मदा नदी पश्चिम की ओर बहती है, जबकि अधिकांश अन्य बड़ी प्रायद्वीपीय नदियाँ पूर्व की ओर बहती हैं। क्यों? (2013)**

1. यह एक रेखीय दरार घाटी में स्थित है।
2. यह विंध्य और सतपुड़ा के बीच बहती है।
3. भूमि का ढाल मध्य भारत से पश्चिम की ओर है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (a)**

## स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/africa-s-rift-valley-and-the-creation-of-a-new-ocean-basin